दिनांक–02.06.2024 समय–2.10पीएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

मतगणना रुझान

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती सुचारू रूप से चल रही है। अब तक के परिणाम और रुझानों के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने बहुमत पा लिया है। सिक्किम में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने बहुमत हासिल कर लिया है। अरुणाचल में 55 सीटों के परिणाम मिल गए हैं। इनमें से 44 भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में गई हैं। 5 सीट नेशनल पीपल्स पार्टी के खाते में गई। पीपल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल को दो, एनसीपी को एक और निर्दलीय उम्मीदवार को 3 सीट मिली हैं। सिक्किम में 27 सीटों के परिणाम मिल गए हैं, जिनमें से 26 सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और एक सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंड को मिली। राज्य में 32 सीटों पर मतदान हुआ था।

....

मतगणना तैयारियां–प्रदेष

लोकसभा चुनाव की मतगणना में अब दो दिन शेष है एसे में प्रदेश में मतगणना को लेकर तैयारियां अंतिम दोर में पहुंच गई है। बालाघाट में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कल शाम पॉलीटेकनिक कॉलेज में मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने डाक मत पत्रों व इटीपीबीएस कक्ष का निरीक्षण कर टेबलों और इटीपीबीएस के सिस्टम में नेट लाइन बिजली आदि आवश्यकताओं को देखा। गुना में जिला स्तरीय स्टेण्डिंग कमेटी की बैठक का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभागृह में किया गया। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा राजनैतिक दल के सदस्यों को शासकीय पी.जी. कॉलेज गुना में मतगणना की तैयारियों के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी गयी। जिले की गुना संसदीय क्षेत्र की विधानसभा क्षेत्र बमोरी और गुना तथा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की विधानसभा चांचौड़ा और राघौगढ़ की मतगणना यहां किया जाना है। चारों विधानसभाओं में मतगणना के लिए 20–20 टेबिल लगाए जाएंगे। नर्मदापुरम कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने बताया कि कल मतगणना स्थल शासकीय ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मतगणना का ड्रॅायरन किया जाएगा। इसके साथ ही शिवपुरी में मतगणना शासकीय पीजी कॉलेज पर होगी। मतगणना स्थल पर सभी तैयारियां की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार चौधरी ने बताया कि गुना संसदीय क्षेत्र में शिवपुरी जिले की तीन विधानसभा शिवपुरी, पिछोर कोलारस शामिल हैं। इसके अलावा गुना और अशोकनगर की विधानसभा शामिल हैं। वहीं पन्ना जिले में 5 जून तक भूमि उत्खनन संबंधी कार्य को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहां शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मतगणना होगी। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से जानकारियों के तत्काल संप्रेषण और निर्बाध रूप से इंटरनेट सुविधा के संचालन को देखते हुए समस्त प्रकार के भूमि उत्खनन संबंधी कार्यो को प्रतिबंधित किया गया है।

....

स्कूल फीस कार्रवाई–षहडोल

प्रदेश में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस को लेकर सख्त कार्रवाई जारी है। शहडोल जिले के 14 निजी स्कूलों ने नियम विरुद्ध अभिभावकों से 60 लाख रुपए से ज्यादा फीस वसूल की है। कलेक्टर तरुण भटनागर ने इन विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वे 30 दिन के भीतर नेट बैंकिंग के माध्यम से बढ़ाई गई फीस की राशि अभिभावकों को वापस करें। फीस में गड़बड़ी करने वाले विद्यालयों पर 2–2 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही किस स्कूल ने कितनी ज्यादा राशि अभिभावकों से ली है, इसका पता लगाने के लिए एक टीम का गठन किया है। यह टीम 7 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी।

....

भोजशाला सर्वे

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर आर्किलाजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया द्वारा वैज्ञानिक सर्वे का कार्य लगातार किया जा रहा है। आज सर्वे का 73 वॉ दिन है। आज आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के अपर महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में एएसआई दल ने भोजशाला परिसर में प्रवेश किया, आज दल में 15 अधिकारी और 30 मजदूर है। उल्लेखनीय है की एएसआई द्वारा भोजशाला, कमाल मौला दरगाह और उसके आसपास के 50 मीटर क्षेत्र में सर्वे किया जा रहा है। भोजशाला में गर्भ गृह, भवन के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र में लगातार उत्खनन और मिट्टी हटाए जाने का कार्य किया जा रहा है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना में राजस्व विभाग ने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न सामग्री की कालाबाजारी पर 45 लाख 41 हजार 458 रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। जिले मे शिकायत मिली थी कि पीओएस मशीन में फिंगर प्रिंट लगवाने के बावजूद खाद्यान्न सामग्री नहीं दी जाती है।
- शहडोल संभाग मे नमामि गंगे अभियान के दौरान 40 लाख पौधे लगाने की तैयारी है। 5 जून से शुरु हो रहे अभियान में जल संरचनाओं, बावड़ियों, कुआं, नदी, नालों, तालाब, हैण्डपम्पों की सफाई और जीर्णोद्धार किया जाएगा।
- शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में फोरलेन हाईवे पर एक तीर्थ यात्रियों से भरा पिकअप वाहन पलट जाने से उसमें सवार 20 लोग घायल हो गए। घायलों को कोलारस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

....